# छात्रावास की छात्रा ने नाम रोशन किया

कोटा, (निसं)। मंजिल उन्हीं को मिलती है जिनके सपनों में जान होती है पंखों से कुछ नहीं होता हौसलों से उड़ान होती है। जी हां बेटियों को पढ़ा लिखाकर कर अच्छे संस्कार दिए जाए तो वो भी माँ-बाप व देश का नाम रोशन कर सकती है। इसी कड़ी में विनोबा भावे नगर स्थित समाज कल्याण की ओर से बने सरकारी छात्रावास में रहकर पढ़ाई कर रही पीपल्दा खुर्द निवासी रेनू शर्मा इंसा पुत्री महावीर शर्मा ने शारीरिक शिक्षा सीधी भर्ती परीक्षा 2022 में चयन करवा के छात्रावास व मां-बाप का नाम रोशन किया। सेवादार राजेंद्र सिंह हाड़ा के अनुसार पिछले वर्ष ही ये छात्रावास प्रारंभ हुआ व रेनु ने इसमें प्रवेश लिया, पिछले माह च्ञ्ज्ञ थर्ड ग्रेड का रिजल्ट आया था जिसमे रेनु का चयन हुआ, इस छात्रावास की ये पहली उपलब्धि है 50 लड़कियों में पहली लड़की है जिसका सरकारी सेवा में चयन हुआ व साथ ही गांव की भी पहली लड़की है जो सरकारी सेवा में चयनित हुई है।



कोटा स्थित समाज कल्याण छात्रावास की छात्रा रेनू शर्मा प्रथम प्रयास में ही शारीरिक शिक्षक बनी।

इसी खुशी में जब रेनु गांव से छात्रावास लौटी तो छात्रावास अधीक्षक लक्ष्मी मालव व सुनीता मीणा ने जोरदार स्वागत किया व मुंह मीठा करवाकर माला पहनाकर, स्मृति चिन्ह भेंट कर बधाई दी व इस मौके पर छात्रावास की समस्त छात्राए उपस्थित रही।

मोटिवेशनल स्पीच में रेनु शर्मा ने पढ़ाई के टिप्स बताए व कहा कि मंजिल उन्ही को मिलती है, जिनके सपनो में जान होती है, पंखों से कुछ नही होता, हौसलों से उड़ान होती है आगे रेनु ने बताया कि उन्होंने कोई ऑफलाइन कोचिंग नही ली बल्कि सेल्फ स्टडी की है व अगर कोई टॉपिक समझ नही आता था तो ऑनलाइन का सहारा लिया। इस प्रकार हौसले बुलन्द हो आत्मबल चरम पर हो तो कोई भी व्यक्ति सफलता हासिल कर सकता है, और आत्मबल को बढ़ाने का एक ही टॉनिक है वो है मेथड ऑफ मेडिटेशन, इसलिए रोजाना मेडीटेशन करे। बता दे कि रेनु इससे पहले भी एशिया व इंडिया बुक ऑफ रिकाड्र्स में नाम दर्ज करवा के माँ-बाप व देश का नाम रोशन कर चुकी है। इन सबका श्रेय रेनु ने अपने माता-पिता, गुरुजनों व आद्यात्मिक गुरु गुरमीत राम रहीम सिंह इंसा को दिया व गुरुजी द्वारा दिए स्टडी टिप्स व गुरुमंत्र इस सफलता में कारगर साबित हुए।

# भाजपा जन आक्रोश यात्रा की यात्रा रथ की लॉन्चिंग दो दिसंबर को

कोटा, (निसं)। भाजपा शहर कोटा जिला अध्यक्ष कृष्ण कुमार सोनी की अध्यक्षता में भाजपा जिला कार्यालय पर मंगलवार को पदाधिकारियों की बैठक संपन्न हुई। जिसमें जिलाध्यक्ष कृष्ण कुमार सोनी ने कार्यक्रम जिला संयोजक जगदीश जिंदल, सहसंयोजक लक्ष्मण सिंह खींची तथा पदाधिकारियों के साथ चर्चा कर भाजपा की जन आक्रोश रैली की कोटा शहर में सफल आयोजन के संदर्भ में विषय वार विस्तार से चर्चा हुई एवं जिम्मेदारियों की समीक्षा की गई।

जिला अध्यक्ष कृष्ण कुमार सोनी ने कहा कि भाजपा जन आक्रोश रैली कांग्रेस के कुशासन को समाप्त करके रहेगी। गहलोत सरकार को सत्ता से विदा करने के इस महायज्ञ को आमजन का भारी जन समर्थन प्राप्त है। जिला अध्यक्ष कृष्ण कुमार सोनी ने बताया कि 2 दिसंबर शुक्रवार वल्लभभाई पटेल की प्रतिमा गुजराती सभा भवन कैनाल रोड पर यात्रा रथ के लॉन्चिंग का कार्यक्रम होगा। जिसमें भाजपा के सभी कार्यकर्ता सम्मिलित होंगे। उन्होंने बताया कि विधानसभा स्तर पर यात्रा रथ की लॉन्चिंग एवं यात्रा शुभारंभ 4 दिसंबर को किया जाएगा। प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में अलग-अलग स्थानों से शुभारंभ किया जाएगा। बैठक में भाजपा जिला अध्यक्ष सोनी ने जनाक्रोश यात्रा में करणीय कार्यों पर विस्तार से प्रकाश डाला एवं जिसमें एडवांस टीम, वृहद बैठक, स्थानीय स्तरों पर रूट चार्ट, लघु सभायें, नुक्कड़ सभाएं सहित विविध कार्यों पर डेट टू डेट की व्यवस्थाएं तय की गई। बैठक का संचालन जिला महामंत्री चंद्रशेखर नरवाल तथा धन्यवाद जगदीश जिंदल ने दिया। बैठक में जिलाध्यक्ष कृष्ण कुमार सोनी, जिला महामंत्री जगदीश जिंदल, चंद्रशेखर नरवाल, जिला उपाध्यक्ष लक्ष्मण सिंह खींची, रितेश चित्तौआ, देवेन्द्र राही, जिला मंत्री राजेंद्र अग्रवाल, सीमा भारद्वाज, रेखा खेलवाल, आशा चतुर्वेदी, हरिहर गौतम, अंजू बाला सेन, जयदेव सुखेजा, प्रदेश मीडिया सहसंयोजक अरविंद सिसोदिया, नेता प्रतिपक्ष लव शर्मा, चेतन पांडे, मण्डल अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह हाड़ा, अनिल शर्मा, दिनेश शर्मा, विजय सिंह कानावत, संजय निझावन, दिलिप शर्मा, मण्डल संयोजक भूपेंद्र भाया, पंकज वात्स्य, सिटू तुषिया, सहित पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## कार्यशाला का समापन

कोटा, (निसं)। इनरव्हील क्लब द्वारा स्वास्थ्य जागरूकता प्रोग्राम के तहत किशोरियों के लिए पीसीओडी और सर्विक कैंसर पर आयोजित दो दिवसीय कार्यशाला का समापन मंगलवार को किया गया।

क्लब अध्यक्ष प्रिति अग्रवाल ने बताया कि दादाबाड़ी राजकीय बालिका विद्यालय नान्ता गोर्वमेंट कॉलेज और जेडीबी में स्वास्थ्य कार्यशाला आयोजित कर बालिकाओं की भ्रांति को दूर कर उनकी जिज्ञासाओं का शमन किया। इस अवसर पिंक गुब्बारे आसमान में छोड़े और पिंक रैली का आयोजन भी किया।

सचिव चारू जैन ने बताया कि राजकीय बालिका विद्यालय नान्ता दादाबाड़ी में डॉ. प्रिया गुप्ता ने बालिकाओं के लिए कार्यशाला का आयोजन किया। कार्यक्रम की प्रोजेक्ट डायरेक्टर मीनू परियानी रही। वहीं राजकीय महाविद्यालय नयापुरा कोटा और राजकीय कन्या कला महाविद्यालय में डॉक्टर वत्सल याज्ञनिक एवं प्रोजेक्ट डायरेक्टर अंजली शर्मा रही।

# महापौर ने निर्माणाधीन इन्दिरा रसोई का निरीक्षण किया

कोटा, (निसं)। नगर निगम कोटा उत्तर की महापौर मंजू मेहरा ने मंगलवार को उत्तर के विभिन्न क्षेत्रो में निर्माणाधीन इन्दिरा रसोईयों का निरीक्षण किया और कार्य में तेजी लाने के लिए संबंधित अधिकारियो को आवष्यक दिशा-निर्देश प्रदान किये।

निगम उत्तर की महापौर मेहरा ने बताया कि राज्य सरकार की इन्दिरा रसोई योजना के तहत कोटा के उत्तर क्षेत्र में नवीन इन्दिरा रसोईयों का संचालन किया जाना है जिसके तहत मंगलवार को उनके द्वारा विभिन्न क्षेत्रों की 5 निर्माणाधीन इन्दिरा रसोईयों का निरीक्षण किया गया।

साथ ही उन्होने बताया कि पहली इन्दिरा रसोई अम्बेडकर छात्रावास डीसीएम रोड क्षेत्र, दूसरी डीसीएम सेक्टर कार्यालय 7 के पास, तृतीय इन्दिरा रसोई प्रेमनगर अर्फोडेबल योजना के पास व चौथी इन्दिरा रसोई रायपुरा चौराहे के पास तथा पांचवी इन्दिरा रसोई नाग-नागिन मन्दिर क्षेत्र के पास निर्माणाधीन है। जिनका निरीक्षण किया गया और निर्माण कार्यो का जायजा लिया तथा कार्य की गुणवत्ता को देखा।

निरीक्षण के दौरान महापौर मंजू मेहरा ने निर्देशित किया कि इन्दिरा रसोई की निर्माणाधीन कार्यो में तेजी लाई जाये जिससे कि लोगो को शीघ्र से शीघ्र सस्ता एवं शुद्ध भोजन मिल सके।

साथ ही उन्होंने इन्दिरा रसोई के प्रभारी नरेश राठौर व सहायक अभियंता मोती लाल चौधरी को आदेषित किया कि इन्दिरा रसोई के अन्दर बिजली व पानी जैसी मूलभूत सुविधाओं को पूर्णतः रूप से सुनिष्चित किया जाये एवं इन्दिरा रसोई में भोजन करने वाले भोजनार्थियों के लिए एवं रसाई में उपयोग आने वाले मेज-कुर्सियों इत्यादि फर्नीचर की व्यवस्था को भी पुख्ता रखा जाये। जिससे कि भोजन करने वाले भोजनार्थियों को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो।



नगर निगम कोटा उत्तर की महापौर मंजू मेहरा ने निर्माणाधीन इन्दिरा रसोईयों का निरीक्षण किया।

## सार-समाचार

### बच्चों को कपड़े वितरित किए

कोटा, (निसं)। आर्य समाज सेवा कार्य कर सक्रियता से अपना मानव धर्म निभा रहा है। परोपकारी कार्यों को जरूरतमन्दों तक पहुंचाकर आर्य समाज उनके दुख-सुख में पहुंच राहत व खुशियां बांट रहा है। केशवपुरा चौराहे पर स्थित मजदूर मंडी में दिहाड़ी मजदूरों को आर्य समाज द्वारा नए कपड़े पुरुषों को पेंट, महिलाओं को सूट व साडियां और उनके बच्चों को कपड़े वितरित करत किए। आर्य उप प्रतिनिधि सभा कोटा संभाग के प्रधान अर्जुन देव चढ्डा ने कहा कि सभी सक्षम वर्ग को सर्दी के मौसम में आगे आकर निर्धन लोगों की मदद करनी चाहिए। आर्य समाज उप प्रतिनिधि सभा कोटा संभाग के मिडिया प्रभारी आचार्य अग्निमित्र शास्त्री ने बताया कि आर्य समाज द्वारा कोटा के मजदूर गरीब परिवारों को कोटा के अलग-अगल क्षेत्रों मे जाकर वस्त्र वितरित किए जा रहे हैं। सभा के मंत्री लाल चन्द आर्य ने बताया कि मंगलवार को अर्जुन देव चढ्डा के नेतृत्व मे आर्य प्रतिनिधि एडवोकेट चन्द्र मोहन कुशवाह, आर्य पंडित श्योराज वशिष्ठ, पुरोहित भैरूलाल शर्मा, नरेन्द्र शर्मा, आदि ने मंत्रोच्चार के साथ कपड़े वितरित किए। नए कपड़े पाकर सभी ने खुशियां व्यक्त की।

### जनसुनवाई की

कोटा, (निसं)। आमजन की समस्याओं की सुनवाई एवं त्वरित समाधान एवं नागरिकों को सुशासन उपलब्ध कराने के लिए त्रिस्तरीय जनसुनवाई की व्यवस्था की गई है। इस संबंध में जिला, उपखण्ड एवं ग्राम पंचायत स्तर पर 1, 8 व 15 दिसम्बर को जनसुनवाई आयोजित की जायेंगी। अतिरिक्त कलक्टर प्रशासन राजकुमार सिंह ने बताया कि ग्राम पंचायत स्तरीय जनसुनवाई 1 दिसम्बर को समस्त ग्राम पंचायत मुख्यालय स्थित भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केन्द्र या ग्राम पंचायत द्वारा चिन्हित जनसुनवाई स्थल पर आयोजित की जाएगी। जिसमें ग्राम पंचायत स्तर के समस्त विभागीय अधिकारी व कर्मचारी भाग लेंगे। उन्होंने बताया कि इसी प्रकार उपखण्ड स्तरीय जनसुनवाई 8 दिसम्बर को उपखण्ड एवं पंचायत समिति स्थित भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केन्द्र या उपखण्ड अधिकारी द्वारा चिन्हित जनसुनवाई स्थल पर आयोजित की जाएगी। जिसमें उपखण्ड स्तरके समस्त विभागीय अधिकारी भाग लेंगे तथा जिला स्तरीय जनसुनवाई 15 दिसम्बर को कलेक्ट्रेट परिसर में आयोजित की जाएगी। जिसमें समस्त जिला स्तरीय अधिकारी भाग लेंगे।

### यूनिफॉर्म का वितरण

अंता (निसं)। राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल रातडिया में दूध व यूनिफार्म वितरण किया गया। रातडिया विद्यालय की प्रिंसिपल अनामिका चौधरी ने बताया कि बाल गोपाल योजना व निशुल्क यूनिफार्म वितरण कार्यक्रम मंगलवार को किया गया जिसमें मुख्य अतिथि सरपंच निर्मला मेहरा व अध्यक्षता कमलेश मालव एटीएन के हाथों से बच्चों को दूध पिला कर यूनिफॉर्म वितरण की गई चौधरी ने कहा कि कक्षा 1 से आठवीं तक के सभी बच्चों को मुख्यमंत्री की योजना के अंतर्गत 2 जोड़ी निशुल्क यूनिफॉर्म देकर साथ ही पाउडर मिल्क से तैयार दूध हर मंगलवार व शुक्रवार को पिलाया जाएगा साथ ही ड्रेस सिलाने के लिए सभी बच्चों को राज्य सरकार की ओर से अपने अपने खातों में पैसा डाला जाएगा इस कार्यक्रम में अध्यापक अध्यापिका समाजसेवी श्याम मेहरा आदि मौजूद रहे।

### आज 6 घंटे पेयजल आपूर्ति रहेगी बाधित

कोटा, (निसं)। शहर में चल रहे विकास कार्य एवं 8 इंच 6 इंच की पाइप लाइन के मरम्मत कार्य को मध्य नजर रखते हुए बुधवार को प्रातः 11 से सांय 5:30 तक जलापूर्ति बाधित रहेगी। अधिशासी अभियंता जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग श्याम माहेश्वरी ने बताया कि शहर के छावनी क्षेत्र कोटड़ी रामचंद्रपुरा नई धानमंडी गुमानपुरा शॉपिंग सेंटर आरपीएस कॉलोनी अशोका कॉलोनी सिंधी कॉलोनी गोंडा बस्ती आदि क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति बाधित रहेगी। उन्होंने पेयजल उपभोक्ताओं से आवश्यकता के अनुसार पानी का संग्रहण करने का आव्हान किया है।

# स्कूली छात्र-छात्राओं ने कृषि विश्वविद्यालय का भ्रमण किया

कोटा, (निसं)। शहर के निजी स्कूल के 50 से अधिक छात्र-छात्राओं तथा शिक्षकों द्वारा मंगलवार को कृषि विश्वविद्यालय परिसर में स्थित कृषि शिक्षा संग्रहालय तथा कृषि विज्ञान केंद्र का भ्रमण किया गया। विश्वविद्यालय के निदेशक पीएमई डॉ. मुकेश गोयल ने बताया कि प्रतिवर्ष देश के लगभग 25 लाख छात्र इंजीनियरिंग की तथा 20 लाख छात्र मेडिकल में प्रवेश के लिए परीक्षा देते है।

मेडिकल और इंजीनियरिंग के अलावा कृषि भी एक बेहतर विकल्प साबित हो रहा है। इस दिशा में स्कूली बच्चों, शिक्षकों और पेरेंट्स में जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. अभय कुमार व्यास द्वारा एक नई शुरुआत की गई है जिसमें जिले के सभी सरकारी और निजी स्कूलों के बच्चों को विश्वविद्यालय परिसर में स्थित कृषि शिक्षा संग्रहालय तथा कृषि विज्ञान केंद्र का भ्रमण करवाया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि इसी कडी में शहर के जाने-माने दिशा डेल्फी पब्लिक स्कूल के 50 से अधिक छात्र-छात्राओं तथा दो शिक्षकों द्वारा विश्वविद्यालय का भ्रमण किया गया। बच्चों को कृषि विशेषज्ञों द्वारा कृषि के विभिन्न विषयों जैसे कि डेयरी, बकरी पालन, वर्मिकम्पोस्ट, कृषि में मशीनीकरण, खाद्य प्रसंस्करण, नर्सरी, बीज उत्पादन आदि की प्रायोगिक जानकारी दी गई।



कोटा के स्कूली छात्र-छात्राओं ने कृषि शिक्षा संग्रहालय तथा कृषि विज्ञान केंद्र का भ्रमण किया।

प्रसार शिक्षा निदेशक डॉ. एसके जैन द्वारा छात्रों को कृषि शिक्षा संग्रहालय का अवलोकन करवाया गया तथा कृषि के विभिन्न पाठ्यक्रमों, विषयों, कृषि विकास, कृषि के देश-विदेश के उच्चकोटि के शिक्षण संस्थान, कृषि पाठ्यक्रमों में प्रवेश प्रक्रिया, कृषि में कैरियर तथा स्वयं का उद्यम स्थापित करने की जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि कृषि एक वृहद विज्ञान है जिसमें 90 से अधिक विषयों में शिक्षा प्राप्त की जा सकती है।

उन्होंने बताया कृषि में कैरियर की अनेक संभावनाएं है, जैसे कि कृषि वैज्ञानिक, विश्वविद्यालयों, महाविद्यालयों में फैकल्टी, कृषि विभाग में कृषि अधिकारी, बैंक अधिकारी, सिवल सर्विसेस, फॉरेस्ट सर्विसेस, बीज प्रमाणीकरण अधिकारी, खाद्य निरीक्षक, विभिन्न कृषि आधारित कंपनियों में अधिशासी अधिकारी शामिल है। साथ ही छात्र कृषि की विभिन्न विधाओं में कौशल विकास के द्वारा स्वयं का उद्यम भी स्थापित कर सकते हैं, जैसे कि नर्सरी स्टार्ट अप, डेयरी, पॉल्ट्री, खाद्य प्रसंस्करण, सप्लाई चेन, कंसल्टेंसी तथा दूसरों को रोजगार भी दे सकते हैं। भ्रमण के पश्चात छात्र-छात्राओं से फीडबैक भी लिया गया जिसमें छात्रों ने इस कार्यक्रम को काफी ज्ञानवर्धक, उपयोगी तथा सुरुचिपूर्ण बताया।

# मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने विद्यालय में इन्टरलोकिंग कार्य का निरीक्षण किया

कोटा, (निसं)। जिला परिषद् की मुख्य कार्यकारी अधिकारी ममता तिवाड़ी ने पचांयत समिति लाड़पुरा की ग्राम पचांयत गंदीफली में पंचायती राज विभाग की पन्द्रहवां वित्त आयोग एवं राज्य वित्त आयोग पंचम व षष्टम योजनान्तर्गत प्रगतिरत विकास कार्यों एवं स्वच्छ भारत मिशन के तहत हुए कार्यो का निरीक्षण किया।

मुख्य कार्यकारी अधिकारी ममता तिवाड़ी द्वारा मंगलवार को निरीक्षण के दौरान गन्दीफली स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में इन्टरलोकिंग कार्य का निरीक्षण किया। कार्य की जांच के पश्चात् कार्य की गुणवत्ता में खामी नजर आने के पश्चात मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने मौके पर खण्ड विकास अधिकारी को 10 दिनों में इन्टरलोकिंग को पुनः लगाने एवं कार्य से सम्बन्धित तकनीकी कर्मचारियों व अधिकारियों को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। साथ ही मवासा ढाणी गांव में भी इन्टरलोकिंग कार्य में खामी को देखते हुए तकनीकी अधिकारियों को नोटिस देने के निर्देश दिए गये। यह कार्य कार्यकारी संस्था ग्राम पंचायत द्वारा करवाया गया।

सीईओ ने बताया कि ग्राम पंचायतों में प्रगतिरत कार्यों की जांच हेतु 20 दलों का गठन कर मंगलवार को सभी ब्लॉकों में निरीक्षण का कार्य किया गया। प्रत्येक दल द्वारा दो-दो ग्राम पंचायतों के कार्यो को देखा गया। द्वितीय चरण में 7 दिसम्बर को भी इसी दल द्वारा दो-दो ग्राम पंचायतों का निरीक्षण किया जाएगा। जिले में प्रगतिरत कार्यों की गुणवत्ता बेहतर हो इस पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है, खामी बरतने वाले लोगों के खिलाफ कार्यवाही अमल में लायी जावेगी। एसीईओ सरिता द्वारा पंचायत समिति लाड़पुरा की ग्राम पचांयत भीमपुरा व खेड़ारसूलपुर में कार्यो का निरीक्षण किया। दल में सीईओ, एसीईओ, खण्ड विकास अधिकारी एवं सहायक अभियन्ता मुख्य रूप से मौजूद थे। कारगर साबित हुआ पुलिया निर्माण कार्य जिला परिषद् की मुख्य कार्यकारी अधिकारी ममता तिवाड़ी ने बताया कि महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारन्टी योजनान्तर्गत मवासा ढाणी में पुलिया निर्माण कार्य लोगों के लिए राहत देने वाला साबित हो रहा है। ग्रामीणों ने उन्हें बताया कि पुलिया निर्माण की गांव में आवश्यकता थी, लोगों का आना-जाना दुभर हो गया था। इसे नरेगा योजना से बनाया गया।

**नर्सरी व पोषण वाटिका के कार्य शुरू करवाने के निर्देशः**-जिला परिषद् की मुख्य कार्यकारी अधिकारी ममता तिवाड़ी ने खण्ड विकास अधिकारी को निर्देशित किया कि ग्राम पचांयत गन्दीफली व मवासा में नर्सरी विकास एवं पोषण वाटिका के कार्य अप्रारम्भ है, जिसे 15 दिवस में शुरू करवाकर अवगत करवाया जाना सुनिश्चित करें।


प्रारूप-10 (नियम 6 (7) देखिए)

**प्राधिकृत अधिकारी का कार्यालय...नगर परिषद बून्दी (राज.)**

लोक सूचना

क्र.सं. 6318 दिनांक-28.11.22

आवेदक श्रीमती पुष्पा हावा पत्नी स्वर्गीय श्री नारायण लाल हावा जयें निवासी बूंदी ने इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का गैर-कृषिक व्यवसायिक (पेट्रोल पम्प) प्रयोजनार्थ के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिघृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात:-

| जिले सहित तहसील का नाम | ग्राम का नाम | खसरा सं. | क्षेत्र |
|---|---|---|---|
| तहसील बून्दी जिला बून्दी | ग्राम छत्रपुरा | 1948/932 | 2.959 है. भूमि में से 1225 वर्गमीटर |

इसलिये, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिये भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृत अधिकारों के निर्वाचन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा।

उपयुर्क्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तद्नुसार मामले का निपटारा किया जायेगा।

यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधिन आज दिनांक 28.11.2022 को जारी की गयी।

प्राधिकारी अधिकारी का नाम और मुहर



**कार्यालय नगर विकास न्यास, कोटा**

क्रमांक:-326 नाम हस्तान्तरण चाहने बाबत आम सूचना दिनांक:-15.11.22

नगर विकास न्यास कोटा द्वारा मुकुन्दरा विहार आवासीय योजना भूखंड संख्या 347 का आवंटन श्री मधु सुदन पाराशर पुत्र श्री सावरमल पाराशर को आवंटन पत्र क्रमांक 83 दिनांक 15.09.2015 को आवंटन किया गया था। आवंटी श्री मधु सुदन पाराशर पुत्र श्री सावरमल पाराशर द्वारा उक्त भूखंड को जरिये मुख्तारआम श्रीमती मंजु सुमन पत्नी श्री रामप्रसाद सुमन को मुख्तारआम नियुक्त किया गया है। मुख्तारआम श्रीमती मंजु सुमन पत्नी श्री रामप्रसाद सुमन द्वारा उक्त भूखंड संख्या 347 मुकुन्दरा विहार आवासीय योजना को जरिये रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 10.06.2022 से ललिता कुमारी पुत्री घांसीलाल को विक्रय कर दिया है। क्रेता ललिता कुमारी पुत्री घांसीलाल के द्वारा नाम हस्तान्तरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अत: जरिये आम सूचित किया जाता है कि यदि इस नाम हस्तान्तरण की स्वीकृति देने में किसी को भी कोई ऐतराज हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 7 दिवस के अन्दर अन्दर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर दें, अन्यथा मियाद गुजरने के पश्चात उक्त भूखण्ड संख्या 347 मुकुन्दरा विहार आवासीय योजना का नाम हस्तान्तरण ललिता कुमारी पुत्री घांसीलाल के नाम स्वीकृति जारी कर दी जावेगी।

उपसचिव नगर विकास न्यास, कोटा



**कार्यालय नगर विकास न्यास, कोटा**

क्रमांक:-387 नाम हस्तान्तरण चाहने बाबत आम सूचना दिनांक:-29.11.22

नगर विकास न्यास कोटा द्वारा योजना श्रीनाथसेवा परिसर व्यावसायिक भूखंड संख्या 54 का आवंटन श्रीमती कुसुम लता जैन पत्नी श्री महावीर प्रसाद जैन को आवंटन क्रमांक 2132 दिनांक 04.02.2013 को किया गया था। आवंटी श्रीमती कुसुम लता जैन पत्नी श्री महावीर प्रसाद जैन की मृत्यु दिनांक 13.06.2019 को हो चुकी है। मृत्यु उपरांत क्रेता के वसीयती हकदार श्री महावीर प्रसाद जैन पुत्र श्री जगन्नाथ प्रसाद जैन द्वारा हकत्याग पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र की प्रति पेश कर नाम हस्तान्तरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अत: जरिये आम सूचित किया जाता है कि यदि इस नाम हस्तान्तरण की स्वीकृति देने में किसी को भी कोई ऐतराज हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 7 दिवस के अन्दर अन्दर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर दें, अन्यथा मियाद गुजरने के पश्चात उक्त भूखण्ड संख्या 54 श्रीनाथसेवा परिसर व्यावसायिक योजना का नाम हस्तान्तरण श्री महावीर प्रसाद जैन पुत्र श्री जगन्नाथ प्रसाद जैन के नाम स्वीकृति जारी कर दी जावेगी।

उपसचिव नगर विकास न्यास, कोटा


## शिविर में 537 यूनिट रक्तदान हुआ

कोटा, (निसं)। रक्तवीर युवा टीम द्वारा रक्तदान संग राजस्थान थीम के अंतर्गत अनेक जिलों में रक्तदान शिविर का आयोजन हुआ। रक्तदान शिविर 20 नवंबर से प्रारंभ होकर 27 नवंबर तक चले, जिसके अंतर्गत राजस्थान के कोटा, जयपुर, बारां, बूंदी इत्यादि जिलों में रक्तदान शिविर का आयोजन हुआ।

रक्तवीर युवा टीम संस्थापक अध्यक्ष अंकित प्रजापति ने बताया की पार्क नंबर 3, विनोबा भावे नगर कोटा में आयोजित रक्तदान शिविर में रक्तदाताओं का जनसमूह उमड़ा, जिसमें सभी वर्ग के रक्तदाताओं ने भाग लिया। रक्तदान शिविर प्रात: 7 बजे से प्रारंभ होकर रात्रि के 9 बजे तक चलता रहा। रक्तदान शिविर में कुल 537 यूनिट रक्तदान हुआ। रक्तदान शिविर में लायंस क्लब का भी सहयोग रहा। लायंस क्लब कोटा के अध्यक्ष जुगल किशोर सोनी एवं चंदा बरबाड़िया ने रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन किया। इस रक्तदान शिविर के माध्यम से वर्तमान में चल रहे डेंगू से पीड़ित मरीजों को बहुत ज्यादा मदद मिलेगी। उनको निश्चित समय पर आरडीपी की व्यवस्था होगी।

# बैंकिंग अवेयरनेस, डिजिटल बैंकिंग एवं साइबर सिक्योरिटी पर व्याख्यान

कोटा, (निसं)। राजकीय महाविद्यालय कोटा में महिला प्रकोष्ठ के तत्वाधान में बैंकिंग अवेयरनेस, डिजिटल बैंकिंग एवं साइबर सिक्योरिटी पर व्याख्यान आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ जयंत विजयवर्गीय ने की। विशिष्ट अतिथि सहायक निदेशक कॉलेज शिक्षा डॉ रघु राज परिहार ने विद्यार्थियों को बैंकिंग जागरूकता के बारे में प्रेरित किया।

उन्होंने बताया कि किसी भी देश की अर्थव्यवस्था बेहतर बैंकिंग पर निर्भर करती है। कार्यक्रम की संयोजक डॉ सुमन शर्मा ने छात्र-छात्राओं को डिजिटल साइबर सिक्योरिटी के बारे में संक्षिप्त जानकारी देते हुए मुख्य वक्ता सत्येंद्र जायसवाल, चीफ मैनेजर-स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, राज भवन रोड़ और रणजीत श्रीवास्तव, फील्ड ऑफिसर का संक्षिप्त परिचय दिया।



राजकीय महाविद्यालय कोटा में बैंकिंग अवेयरनेस, डिजिटल बैंकिंग एवं साइबर सिक्योरिटी पर व्याख्यान आयोजित किया गया।

रणजीत श्रीवास्तव ने बताया की बैंक एक ऐसा सुपर मार्केट बन चुका है जिसमें हमारी जरूरतें पूरी करने का फाइनेंशियल एड है। फ्रॉड से बचने के लिए आर.बी.आई. ने जो गाईडलाईन जारी की है उसे हमें ध्यान से पढ़ना चाहिए।

फ्रॉड से बचने के लिए आवश्यक है कि आप फोन पर वार्ता कर किसी भी प्रकार की अपनी बैंक से संबंधित जानकारी शेयर नहीं करें। इस विषय पर उन्होंने बहुत सारे अनुभव सांझा किऐं, उन्होंने नकद निकासी के लिए योनो एस.बी.आई.ऐप का उपयोग करने को बताया ताकि नकद निकासी सुरक्षित हो। इनके द्वारा बैंकिंग से जुड़ी कई समस्याओं का समाधान भी किया। उन्होंने बताया कि फ्रॉड के लिए आजकल एक लिंक भेजा जाता है, अत: किसी भी तरह के लिंक को क्लिक ना करें जबकि बैंक में जाकर संपर्क करें क्योंकि जैसे ही लिंक पर क्लिक किया जाता है आपका मोबाइल हेक्ड हो जाता है। सत्येंद्र जयसवाल, मुख्य प्रबंधक, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, आर. बी.रोड़ ने बताया कि सरकार 100 प्रतिशत लोगों को बैंकिंग से जोड़ने का प्रयास कर रही है।

इन्होंने इलेक्ट्रॉनिक कैश के बारे में बताया तथा आने वाले समय में डिजिटलाइजेशन बहुत ज्यादा हो जाएगा। अत: ज्यादा से ज्यादा इससे जुड़े। अंत में प्राचार्य डॉ जयंत विजयवर्गीय ने बताया कि एस. बी. आई. बैंक बहुत बड़ा नेटवर्क है इसकी प्रक्रिया को थोड़ा सरल किया जाना चाहिए ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग आसानी से जुड़ सकें। महाविद्यालय की सभी महिला संकाय सदस्यों डॉ कुसुम डंग, डॉ सुषमा जांगिड़, डॉ अजरा अख्तर, डॉ दीपमाला, डॉ मंजू शर्मा ने अपना सहयोग दिया। अंत में डॉ रीना कुमारी ने धन्यवाद ज्ञापित किया।